# भारत में राष्ट्रवाद Important Questions || Class 10 Social Science (History) Chapter 2

## 1 अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 1 रॉलट एक्ट का पारित हुआ?**

**1) 1912 2) 1914**

**3) 1919 4) 1920**

**उत्तर:** 1919

**प्रश्न 2 प्रथम विश्व युद्ध कब आरंभ हुआ?**

**1) 1910 2) 1914**

**3) 1917 4) 1919**

**उत्तर:** 1914

**प्रश्न 3 भारत में महात्मा गांधी ने प्रथम सत्याग्रह कहां चलाया ?**

**1) चंपारण 2) खेड़ा**

**3) दिल्ली 4) कलकता**

**उत्तर:** चंपारण

**प्रश्न 4 हिंद स्वराज नामक पुस्तक की रचना किसने की ?**

**1) जवाहर लाल नेहरू 2) वल्लभ भाई पटेल**

**3) महात्मा गांधी 4) रामचंद्र**

**उत्तर:** महात्मा गांधी

**प्रश्न 5 दमित वर्ग एसोसिएशन की स्थापना किसने की?**

**1) बाबा रामचंद्र 2) भीमराव अम्बेडकर**

**3) जवाहर लाल नेहरू 4) शौकत अली**

**उत्तर:** भीमराव अम्बेडकर

**प्रश्न 6 किस घटना के बाद महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया ?**

**1) जलियाँवाला हत्याकांड 2) रॉलट एक्ट**

**3) चौरी-चौरा 4) दाण्डी यात्रा**

**उत्तर:** चौरी-चौरा

**प्रश्न 7 अल्लूरी सीताराम राजू के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?**

**1) उन्होने आंध्र की गूडेम पहाड़ियों में आदिवासियों का नेतृत्व किया।**

**2) उन्होनें लोगों को खादी पहनने तथा शराब छोड़ने के लिए प्रेरित किया।**

**3) वह स्वराज प्राप्ति के लिए गुरिल्ला युद्ध चलाते रहे।**

**4) सभी कथन सत्य हैं।**

**उत्तर:** सभी कथन सत्य है।

**प्रश्न 8 मुस्लिम लीग की स्थापना किसने की ?**

**1) शौकत अली 2) मुहम्मद अली**

**3) उपरोक्त दोनों 4) दोनो में से कोई नहीं।**

**उत्तर:** उपरोक्त दोनों

**प्रश्न 9 डिस्कवरी ऑफ इंडिया पुस्तक के लेखक कौन थे?**

**1) जवाहर लाल नेहरू 2) भीमराव अम्बेडकर**

**3) महात्मा गांधी 4) बाबा रामचंद्र**

**उत्तर:** जवाहर लाल नेहरू

**प्रश्न 10 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**कांग्रेस ने ............... अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की मांग की।**

**उत्तर:** 1929, लाहौर

**प्रश्न 11 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**1885 में गठित कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष ................. थे।**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर:** व्योमेश चन्द्र बनर्जी

**प्रश्न 12 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। मुस्लिम लीग की स्थापना सन् ................ में हुई।**

**उत्तर:** 1906

**प्रश्न 13 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**1919 में शौकत अली व मुहम्मद अली ने ............ आंदोलन की शुरूआत की।**

**उत्तर:** खिलाफत आंदोलन

**प्रश्न 14 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। सविनय अवज्ञा आंदोलन सन् .................. में वापस ले लिया गया।**

**उत्तर:** 1931

**प्रश्न 15 निम्नलिखित कथन को सही करके लिखिए।**

**13 अप्रैल 1920 को जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ।**

**उत्तर:** 13 अप्रैल 1919

**प्रश्न 16 भारत माता का पहला चित्र किसने बनाया ?**

**उत्तर:** अबनीन्द्रनाथ टैगोर

**प्रश्न 17 वंदे मातरम गीत की रचना किसने की?**

**उत्तर:** बंकिम चंद्र

**प्रश्न 18 कांग्रेस की स्थापना कहां हुई ?**

**उत्तर:** मुम्बई

**प्रश्न 19 किसके नेतृत्व में अवध किसान सभा का गठन किया गया ?**

**उत्तर:** बाबा रामचंद्र

**प्रश्न 20 सत्याग्रह शब्द से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर:** सत्य के लिए आग्रह करना।

**प्रश्न 21 स्वदेशी शब्द से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर:** अपने देश में बनी वस्तुओं, देशी संस्थानों का उपयोग करना।

**प्रश्न 22 ब्रिटिश सरकार ने 1857 के पश्चात प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध क्यों लगा दिया ?**

**उत्तर:** भारतीय समाचार पत्रों द्वारा राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए।

**प्रश्न 23 मद्रास के नटेसी शास्त्री ने तमिल के किसी विशाल संकलन को चार खंडो में प्रकाशित किया ?**

**उत्तर:** द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया

**प्रश्न 24 दूसरा गोलमेज सम्मेलन कब आयोजित हुआ?**

**उत्तर:** 1931

**प्रश्न 25 रॉलेट एक्ट को काला कानून क्यों कहा गया?**

**उत्तर:** इस एक्ट के जरिए राजनैतिक कैदियों को बिना मुकदमा चलाए जेल में बंद किया जा सकता था।

## लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

---

**प्रश्न 1 असहयोग आंदोलन आरंभ किए जाने के क्या कारण थे? इस आंदोलन में समाज के विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी पर प्रकाश डालिए। इसके कार्यक्रम। कार्य पद्धति, प्रगति एवं अंततः समाप्ति को समझाइए।**

**उत्तर:**

### आंदोलन के कारण :

- प्रथम महायुद्ध की समाप्ति पर अंग्रेजों द्वारा भारतीय जनता का शोषण।
- अंग्रेजों द्वारा स्वराज प्रदान करने से मुकर जाना।
- रॉलेट एक्ट का पारित होना
- जलियाँवाला बाग हत्याकांड
- कलकत्ता अधिवेशन में 1920 में कांग्रेस द्वारा असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव बहुमत से पारित।

### विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी :

- शहरों में आन्दोलन
- ग्रामीण इलाकों में विद्रोह
- आदिवासी क्षेत्रों में विद्रोह
- बागानों में स्वराज

### कार्यपद्धति, प्रगति

- चरणबद्ध योजना प्रक्रिया।
- प्रथम चरण – सरकारी पदवियों, नौकरियों, सेना, पुलिस, स्कूलों, विद्यार्थी परिषदों व विदेशी वस्तुओं का त्याग।

**दूसरा चरण –** व्यापक स्तर पर सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ होना शामिल था।

https://www.evidyarthi.in/

**समाप्ति –** गाँधी जी द्वारा चौरी-चौरा में हुई हिंसक घटना के फलस्वरूप आंदोलन वापस ले लिया गया।

**प्रश्न 2 खिलाफत आंदोलन को प्रारम्भ करने के मुख्य कारण कौन से थे ? भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में उसका क्या योगदान था ?**

**उत्तर:**

- तुर्की साम्राज्य (खलीफा) का अंग्रेजों द्वारा अपमान।
- लखनऊ समझौते (1916) के बाद कांग्रेस के साथ मुस्लिम लीग का समझौता।
- असहयोग आंदोलन कांग्रेस द्वारा आरंभ होना तथा मुसलमानों को मिलाकार खिलाफत आंदोलन के साथ करना।

**योगदान :**

- हिंदुओं और मुसलमानों में एकता का बीजारोपण।
- राष्ट्रीय आंदोलन को बल मिला।

**प्रश्न 3 सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रति लोगों और औपनिवेशिक सरकार ने किस प्रकार प्रतिक्रिया व्यक्त की ? किन परिस्थितियों में गाँधीजी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया।**

**उत्तर:** लोगों ने सरकारी कानूनों को भंग करना शुरू कर दिया। आंदोलन को दबाने के लिए सरकार ने कठोरता से काम लिया। हजारों जेल गए। गाँधीजी को कैद कर लिया गया। अब जनता इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने लगी। गाँधी इरविन समझौते के कारण।

**प्रश्न 4 "प्रथम विश्वयुद्ध' ने एक नई आर्थिक व राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी। समीक्षा कीजिए।**

**उत्तर:**

- प्रथम विश्व युद्ध के उपरांत स्वराज देने का वचन नकार दिया गया।
- आर्थिक स्थिति दयनीय- बेरोज़गारी व बेकारी से मज़दूर, शिल्पकार आदि सभी ग्रसित थे।
- युद्ध ने राष्ट्रीयता के भाव जागृत किए। लोग दमनकारी सरकार के विरूद्ध एकजुट हुए।

**प्रश्न 5 गाँधीजी की नमक यात्रा कई कारणों से उल्लेखनीय थी। समीक्षा कीजिए। सविनय अवज्ञा आंदोलन की सीमाएँ क्या थीं? इसके महत्व का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:**

- नमक कर ब्रिटिश सरकार का सबसे दमनात्मक पहलू बताया गया।
- गाँधीजी द्वारा विश्वस्त वालंटियरों के साथ नमक यात्रा शुरू।
- राष्ट्रीय आंदोलन से आम आदमी के मुद्दे को जोड़ना।
- कानून का उल्लंघन। प्रदर्शन व विदेशी चीजों का बहिष्कार
- शराब की दुकानों पर पिकेटिंग।
- सभी लोग स्वराज की अमूर्त अवधारणा से प्रभावित नहीं थे।
- समाज के सभी वर्गों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा नहीं लिया।
- समाज के वर्ग एक दूसरे की तरफ संशकित थे।

**प्रश्न 6 भारत में राष्ट्रवाद की भावना पनपने में किन कारकों का योगदान था ? राष्ट्रवाद के विकास का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ा?**

**उत्तर:**

- साहित्य, लोक कथाओं, गीतों व चित्रों के माध्यम से राष्ट्रवाद का प्रसार।
- भारत माता की छवि रूप लेने लगी।
- लोक कथाओं द्वारा राष्ट्रीय पहचान।
- चिह्नों और प्रतीकों के प्रति जागरूकता। उदाहरण झंडा।
- इतिहास की पुनर्व्याख्या।

**प्रश्न 7 असम में बागान मजदूरों के लिए स्वराज की अवधारणा क्या थी ?**

**उत्तर:**

- अनुबंध के नियमों का उल्लंघन।
- चाय बगानों से बाहर निकलना।
- असहयोग आंदोलन में सम्मिलित होना।
- कृषि भूमि तथा सुख सुविधाओं को प्राप्त करना।

**प्रश्न 8 भारतीयों ने साइमन कमीशन का विरोध क्यों किया ?**

**उत्तर:**

- समय से पहले गठन।
- शासन में सुधार जैसी कोई बात नहीं।
- एक भी भारतीय शामिल नहीं किया गया।

**प्रश्न 9 भारत के लोग रॉलट एक्ट के विरोध में क्यों थे ?**

**उत्तर:**

- यह एक काला कानून था।
- इस कानून के अंतर्गत किसी को लंबे समय तक जेल में डाला जा सकता था।
- विश्व युद्ध के बाद इसे खत्म करना था पर सरकार ने इसे बनाए रखा। इसका विरोध आम जनता ने किया।

**प्रश्न 10 गाँधी-इर्विन समझौते की विशेषताएँ क्या थीं?**

**उत्तर:**

- 5 मई 1931 ई. को गाँधी इरविन समझौता।
- सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित कर दिया जाये।
- पुलिस द्वारा किए अत्याचारों की निष्पक्ष जाँच की जाये।
- नमक पर लगाए गए सभी कर हटाए जाएँ।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 11 सविनय अवज्ञा आंदोलन असहयोग आंदोलन के मुकाबले किस तरह अलग था ? सविनय अवज्ञा आंदोलन की विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तर:**

- इस बार लोगों को न केवल अंग्रेजों का सहयोग न करने के लिए बल्कि औपनिवेशिक कानूनों का उल्लंघन करने के लिए आह्वान किया जाने लगा।
- देश के विभिन्न भागों में हजारों लोगों ने नमक कानून तोड़ा तथा सरकारी नमक कारखानों के सामने प्रदर्शन किए।
- विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया जाने लगा।
- किसानों ने लगान और चौकीदारों ने कर चुकाने से इन्कार कर दिया।
- वनों में रहने वाले लोगों ने वन कानूनों का उल्लंघन करना आरंभ कर दिया।

**प्रश्न 12 1916 के लखनऊ समझौते का इतिहास में क्या महत्व था ?**

**उत्तर:** हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए महत्वपूर्ण।

- नरम दल व गरम दल के संबधों में सुधार।
- भारतीय समाज और अंग्रेजो के मध्य रिश्ते बेहतर हुए।

**प्रश्न 13 अल्लूरी सीताराम राजू कौन थे? असहयोग आंदोलन में उनका योगदान बताइए।**

**उत्तर:** अल्लूरी सीताराम राजू ने आंध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों के आदिवासी किसानों का नेतृत्व किया।

- वह एक रोचक व्यक्ति थे। इन्हें खगोलीय ज्ञान प्राप्त था।
- लोगों का मानना था कि उनके पास विशेष शक्तियाँ हैं जिससे वह लोगों को स्वस्थ कर सकते हैं।
- वह गाँधी जी के प्रशंसक थे।

**प्रश्न 14 सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:**

- औरतों ने बहुत बड़ी संख्या में गाँधी के नमक सत्याग्रह में भाग लिया। हजारों औरतें उनकी बात सुनने के लिए यात्रा के दौरान घरों से बहार आ जाती थीं।
- उन्होंने जलूसों में भाग लिया, नमक बनाया, विदेशी कपड़ों और शराब की दुकानों की पिकेटिंग की।
- कई महिलाएँ जेल भी गईं।
- ग्रामीण क्षेत्रों की औरतों ने राष्ट्र की सेवा को अपना पवित्र दायित्व माना।

**प्रश्न 15 महात्मा गांधी के राष्ट्रवाद को लेकर बागान श्रमिकों के अपने अलग विचार थे। उन्होंने इसमें किसी प्रकार की भूमिका अदा की।**

**उत्तर:** स्वराज को लेकर बागान श्रमिकों की अपनी अलग धारणा थी।

- बागान में स्वतंत्र घूमना।
- अपने मूल स्थान जाने की स्वतंत्रता

- उन्होंने बागान मालिकों के आदेशों को मानने से इंकार कर दिया।
- सबको जमीन पर मालिकाना हक मिलेगा।

**प्रश्न 16 विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आंदोलनों ने भारत में राष्ट्रवाद के निर्माण में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।**

**उत्तर:**

- सामूहिक संघर्ष से सामूहिक अपनेपन का भाव विकसित होता है।
- विभिन्न सांस्कृतिक क्रियाकलापों से राष्ट्रवाद का निर्माण होता है।
- विभिन्न ऐतिहासिक किताबें, कहानियां, लोक-कथाओं के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना बलवती होती है।
- अधिकांशतः कोई चित्र राष्ट्रवाद की भावना को आकार प्रदान करता है।
- चित्रों के माध्यम से राष्ट्र की भावना बलवती होती है।

**प्रश्न 17 स्वराज की अमूर्त अवधारणा से समाज के सभी लोग समान रूप से प्रभावित नहीं थे। सविनय अवज्ञा आंदोलन के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर:**

- विभिन्न अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग दमित वर्ग एसोसिएशन से जुड़ रहे थे।
- विभिन्न राजनैतिक नेता इन लोगों के लिए आरक्षण आधारित प्रतिनिधित्व की मांग कर रहे थे।
- विभिन्न मुस्लिम नेता पहले ही अपनी चिंता व्यक्त कर चुके थे।
- उनके मन में अपने विचारों के कुचले जाने का भय था।